BAPPA SRI NARAIN VOCATIONAL P.G. COLLEGE

Station Road, Charbagh, Lucknow – 226001 (INDIA)

Prof. Devendra Kumar
Head & Professor
E-mail: drdgupta65@gmail.com
Phone: 9369445558

Date: 08-11-2022

रिपोर्ट

आदरणीय अध्यक्ष बी0एस0एन0वी0 इंस्टिट्यूट के निर्देशों के अनुपालन में आज दिनांक 08 नवंबर 2022, आज देव दीपावली के शुभ अवसर पर बी० एस० एन० वी० पी०जी० कॉलेज के रसायन विभाग में स्नातकोत्तर कक्षाओं का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री राकेश चंद्रा जी थे, जिनका स्वागत प्रोफेसर डी० के० गुप्ता ने पुष्प गुच्छ देकर किया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ शारदे की वंदना दीप प्रज्जवलन और पुष्पांजलि अर्पित करके हुआ ।

सभी नव प्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत प्रो एन० के० अवस्थी ने कुमकुम, चंदन और अक्षत का तिलक लगाकर किया। इस ओरिएण्टेशन प्रोग्राम में सभी नव प्रवेशी छात्र, विभाग के समस्त शिक्षक, समस्त कर्मचारी गण मौजूद थे। प्रोफेसर डी० के० गुप्ता ने पॉवर पॉइंट प्रजेंण्टेशनके माध्यम से सभी के सामने विभाग का परिचय दिया, जिसमें डॉ राजेश राम और श्री अमृत ने सहयोग किया। समस्त छात्रों ने भी एक एक करके अपना परिचय दिया।

श्री राकेश चंद्रा जी ने बच्चों के सुखद भविष्य की कामना करते हुए उन्हें उनके दायित्वों को भी कैसे निर्वाह किया जाए, इस पर भी बच्चों का मार्गदर्शन किया। प्रो० जी० के० मिश्रा जी, ने समस्त बच्चों का विभाग में स्वागत करते हुए, आज के पुनीत दिन कार्तिक पूर्णिमा का भी जिक्र किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रो० एन० के० अवस्थी जी द्वारा दिया गया ।

कार्यक्रम का संचालन डॉ॰ ललित प्रकाश गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में प्रो० एन० के० मिश्रा, डॉ विजय शंकर, डॉ अभिषेक उपाध्याय, श्री सुभाष चंद्र, श्री सुमित मौलेखी, श्रीमति उन्नति सिंह, श्री माधव राज जायसवाल, श्री सुरेंद्र, श्री सुशील, श्री रमाकांत और श्री अशोक का सहयोग रहा। सभी बच्चों को विभाग द्वारा मिष्ठान वितरित किया गया।

POCO
SHOT ON POCO F1

Thank
You
POCO
SHOT ON POCO F1

(Head)
Department of Chemistry